सार समाचार

जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन की जिम्मेदारी अब डॉक्टर अनिल ओड को

रायसेन। जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन के पद पर रहे डॉक्टर ऐ.के.शर्मा का रिटायरमेंट 30 जून को होने के उपरान्त जिला चिकित्सालय की जिम्मेदारी डॉक्टर अनिल ओड़ निश्चेतना विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय रायसेन को अपने कार्य के साथ साथ सिविल सर्जन की जिम्मेदारी सोंपी गई है। डॉक्टर अनिल ओड़ को जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन की कि जिम्मेदारी प्राप्त होने के उपरान्त समाचार पत्र से चर्चा करते हुए। कहा कि जिला चिकित्सालय में मरीजों की सुबिधाओं के लिए जो कार्य किये जा रहे है। उन कार्यों को और अच्छा करने का प्रयास किया जायेगा। और जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के इलाज में कोई कमी न रहे और मरीजों को बहतर स्वास्थ्य सुबिधाऐं मिल सकें। यही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

टमाटर, अदरक, हरा धनिया हुआ 100 रुपए किलो से ज्यादा

सीहोर। सीहोर जिले में प्रतिदिन हर व्यक्ति की मुख्य आवश्यकता में शामिल हरी सब्जियां अब आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। अनेक सब्जियों के दामों में अचानक काफी तेजी आ गई है जिससे अनेक लोगों के किचन का जाएगा बिगड़ गया है। जानकारी के अनुसार आमतौर पर भीषण गर्मी के मौसम में सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी दर्ज होती है लेकिन इस बार मानसून सीजन में सब्जियों के दाम अचानक बढ़ रहे हैं। देखा जा रहा है कि हरी धनिया और अदरक 200 रूपए प्रति किलो बिक रहे हैं इसी प्रकार लाल टमाटर के दाम भी लाल हो गए हैं और 120 रुपय प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। भटे , गोभी, शिमला मिर्च, लौकी, सुरजने को फली, पत्ता गोभी, टिंडे सहित अन्य के दामों में अचानक तेजी आ गई है और इन सभी के दाम 50 रूपये प्रति किलो से अधिक चल रहे हैं।

विधायक और नपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल किया वितरण

सीहोर।

विकासखण्ड सीहोर में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 8 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले 1428 बालक-बालिकाओं को निश्शुल्क साइकिल वितरण तथा कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत 11009 विद्यार्थियों को निश्शुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया जाना है।

बुधवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीहोर के परिसर में निश्शुल्क साइकिल एवं पाठ्यपुस्तक वितरण का विकासखण्ड स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम विधायक सुदेश राय मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता एवं विजेन्द्र परमार पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर सीहोर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें अतिथिगण द्वारा शासकीय मलबा कन्या उमावि, शासकीय स्वामी विवेकानन्द हाई स्कूल मण्डी एवं सीएम राइज़ शासकीय मनुबेन उमावि मण्डी सीहोर के 52 बालक-बालिकाओं को प्रतीकात्मक रूप से साईकिल एवं पाठ्यपुस्तक वितरित की गई।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि विधायक श्री राय, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपाध्यक्ष श्री राठौर एवं विशेष अतिथि श्री परमार द्वारा मां सरस्वती का पूजन-अर्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया तदोपरांत शासकीय माध्यमिक शाला अभ्यास सीहोर की बालिकाओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् अतिथिगणों का पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छों से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा आरसी राठौर द्वारा प्रस्तुत की गई।

मुख्य अतिथि विधायक श्री राय द्वारा अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा बालक-बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर चयन होने के लिए अभिप्रेरित किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपाध्यक्ष श्री राठौर ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरूजनों की भूमिका की सराहना की गई तथा शहरी क्षेत्र में संचालित शासकीय शालाओं में शैक्षिक संसाधनों की मांग अनुसार उपलब्धता करवाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरेश चन्द्र गुप्ता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीहोर द्वारा कार्यालय हेतु नवीन भवन/कक्ष, शौचालय, साईकिल स्टैंड रोड तथा परिसर में पेवर ब्लॉक लगवाने साथ ही शासकीय माध्यमिक शाला अभ्यास सीहोर एवं शासकीय प्राथमिक शाला मुरली सीहोर में बाउंड्री वॉल के निर्माण का मांग-पत्र मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर विचार कर विधायक श्री राय की विशेष पहल पर नपाध्यक्ष श्री राठौर द्वारा उक्त सभी कार्य तत्काल स्वीकृत कर अतिशीघ्र प्रारंभ कराने की घोषणा की गई तथा तत्समय पार्षद प्रतिनिधि श्री परमार को निर्देशित किया गया। अतिथिगणों द्वारा परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय सिंह तोमर डीईओ, आरआर उईके डीपीसी, सुरेश चन्द्र गुप्ता बीईओ, आरसी राठौर, अशोक वर्मा बीआरसीसी, शंकरलाल शर्मा जनशिक्षकगण, शामा शाला अभ्यास सीहोर एवं शा. प्रा.शाला मुरली सीहोर के शाला प्रभारी एवं समस्त स्टाफ, शा. म.ल.बा. कन्या उ.मा.वि. सीहोर, शा. स्वामी विवेकानन्द हाई स्कूल मण्डी सीहोर एवं सी.एम. राईज शा. मनुबेन उ.मा.वि. मण्डी सीहोर के शिक्षकगण, विश्वजीत त्यागी, जागेश्वर भगत, आशीष शर्मा, संजय सक्सेना, शिवनारायण गौर, प्रदीप नागिया, माधव यादव, सतीश त्यागी, आशीष शर्मा, सिद्धू सिंह ठाकुर बी. ई. ओ. कार्यालय सीहोर के लखनलाल सेन, कल्पना राघव, दीपक गोलवलकर, सुरेन्द्र मालवीय एवं विभिन्न शालाओं के बालक-बालिकाएं, शिक्षकगण तथा जन समुदाय उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन सुरेश चन्द्र गुप्ता बीईओ सीहोर द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन शंकरलाल शर्मा द्वारा किया गया।

प्रशासन की बेरुखी के कारण नहीं हो रही मूंग खरीदी

बरैली क्षेत्र से समितियों में ठेकेदारी प्रथा हुई प्रारंभ

रायसेन।

जिले में मूंग खरीदी के लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 12 जून से लेकर 31 जुलाई निर्धारित तो की गई हैं परन्तु आज दिनांक तक मूंग खरीदी के कार्य सिलाइट बुकिंग न होने से मूंग खरीदी के कार्य अधर में लटक चुके हैं और जिले में किस प्रकार से राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते मूंग खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया जा रहा है। जिससे जिले में मूंग खरीदी के कार्यों पर एक प्रश्न चिन्ह जरूर लग गया है।

बताया जाता है कि मूंग खरीदी के कार्यों से अभी तक प्राइवेट कम्पनियों में ठेकेदारी प्रथा लागू थी। शासकीय विभागों में भी कर्मचारियों के लिए ठेकेदारी प्रथा आउट सोर्स लागू किया गया है। वहीं सबसे ज्यादा मामला जो चर्चाओं में आ चुका है। वह समितियों में भी अब ठेकेदारी प्रथा का उदय हो चुका है और जिसका चलन बरैली क्षेत्र से किया जा रहा है। क्योंकि इस क्षेत्र से एक समिति प्रबंधक सिरमोर उभर कर सामने आया है। जिसके लिए द्वारा अपने नजदीकी एक मंत्री के बलबूते पर जिला प्रशासन कृषि विभाग सहकारी विभाग विपणन संघ के अधिकारियों पर राजनैतिक दबाब के सहारे एक नहीं कई मूंग खरीदी केन्द्र के अलावा पूर्व में चना खरीदी गैहूँ खरीदी धान खरीदी केन्द्र अपनी मन मर्जी के आधार पर लेने में कामयाब हो जाते है।

बताया जाता है कि उक्त समिति प्रबंधक के द्वारा अपने नजदीकी रिश्तेदारों की समिति के अलावा अपने मित्रों की समितियों को आधार बनाकर इन बंद पड़ी हुई समितियों से बाहर मूंग, चना, धान खरीदी के केन्द्र आखिरकार किस रण नीति के तहत हासिल हो जाते है।

उक्त समिति प्रबंधक के अब गुरघाट अन्य समिति प्रबंधक भी सीखते हुए अब समितियों में ठेकेदारी प्रथा को अंजाम देने में लग चुके है। क्योंकि जिस प्रकार से जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के 45 खरीदी केन्द्रों में जमकर बंदरवाट के अलावा राजनैतिक हस्तक्षेप हुआ है और इन सबका शिकार अगर कोई हो पाया है। तो वह जिले का वह 35 हजार 294 किसान जिनके द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए पंजीयन तो कराया गया था। परन्तु शासन की बेरूखी और 18 दिन मूंग खरीदी के बीत जाने के बाद अब जिले के किसानों ने समर्थन मूल्य 7 हजार 755 को नजर अंदाज करते हुए। व्यापारियों को 7 हजार 500 रूपये प्रति क्विंटल पर मूंग को बैंचना प्रारंभ कर दिया है।

शांति विहार कॉलोनी के तीन सूने मकानों के चोरों ने चटकाए ताले

सीहोर।

बीती रात चोरों ने पुलिस की रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था को धता बताते हुए हाउसिंग बोर्ड के समीप शांति विहार कालोनी के तीन मकानों में चोरी करने की नियत से धावा बोला, लेकिन इन मकानों में कोई कीमती सामान उनके हाथ नहीं लगा और वह मायूस होकर लौट गए। मामले में थाने में कोई प्रकरण दर्ज नहीं कराया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली के तहत शांति विहार कालोनी के मकान नंबर 82 निवासी जितेन्द्र दांगी भोपाल में ट्रैक्टर कंपनी में फील्ड का काम करते हैं तथा वह यहां अपनी पत्नी और पुत्री के साथ रहते हैं। हाल ही में उनके पिता का निधन होने के बाद वह परिवार सहित अपने गृहग्राम सेमरादांगी गए हुए थे। मकान पर ताला लगा हुआ था। बीती रात चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुए।

कीमती सामान की तलाश में उन्होंने पूरा सामान तितर- बितर कर दिया, लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने जितेन्द्र के घर के ठीक सामने रहने वाले नीरज जोशी के मकान पर धावा बोला। यहां भी वह मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए, लेकिन मकान में भी उनके काम का कीमती सामान नहीं होने के कारण वह मायूस होकर लौट गए। बताया जाता है कि दो मकानों से खाली हाथ लौटने वाले चोरों ने कालोनी के ही डागा परिवार के घर पर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन यहां भी सफलता उनके हाथ नहीं लगी।

सुबह के उजाले में जब कालोनी के लोगों ने मकानों के ताले टूटे देखे तो जितेन्द्र व नीरज जोशी का सूचित किया। मकानों से कुछ कीमती सामान न जाने पर फिलहाल तीनों ने पुलिस में प्रकरण दर्ज नहीं कराया है, लेकिन वारदात ने कालोनी के वाशिंदों में खौफ का माहौल जरुर निर्मित कर दिया है।

प्रभात साहित्य परिषद द्वारा काव्य गोष्ठी संपन्न

विदिशा (निप्र)।

प्रभात साहित्य परिषद द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में अनेक कवियों ने कविता पाठ किया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं गीतकार युगल श्रीवास्तव ने की तथा कार्यक्रम का संचालन परिषद के सचिव सतेन्द्र धाकड़ ने किया।

दिनेश मोहन श्रीवास्तव ने काव्य पाठ करते हुए ''दिल की धड़कनों पर कोई पहरा नहीं है, क्यूं कि दिल में अभी तक कोई ठहरा नहीं है।

'' गोष्ठी में गीतकार जगदीश श्रीवास्तव ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ कवि कालूराम पथिक तथा शीलचंद पालीवाल, विष्णु दुबे ने भी काव्य पाठ किया। वहीं, वरिष्ठ कवियत्री श्रीमती सुधा चौधरी का रचना पाठ सराहनीय रहा। शायर चांद खां चांद ने भी शायरी पढ़ी।

विवादित बयान पर समुदाय विशेष के लोगों ने आपत्ति जताते हुए कोतवाली थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया

सीहोर।

दो दिन पहले विहिप बजरंग दल द्वारा हिंदू जनजागरण यात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई थी, जिसमें दिए गए एक बयान का वीडियो वायरल होने पर समुदाय विशेष के लोगों ने आपत्ति जताते हुए कोतवाली थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। इधर ईद का त्योहार नजदीक होने व एहतियात के तौर पर भोपाल सहित आसपास के थाने व लाइन से बड़ी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया, जिसने नगर के प्रमुख चौराहों सहित कोतवाली थाना क्षेत्र का जायजा लिया और मामला शांतिपूर्ण बनाए रखा, वहीं यहां जमा लोग भी मामला दर्ज होने के बाद रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिद्धपुर जिला सीहोर ने नगर में हिंदू जनजागरण यात्रा का आयोजन किया था, जिसमें बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन रैली निकाली गई थी। इस दौरान एक बयान देते हुए वीडियो मंगलवार की दोपहर को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें समुदाय विशेष को लेकर आपत्तिजनक बात कहे जाने को लेकर दूसरे समुदाय ने देर शाम थाना कोतवाली में विरोध स्वरूप ज्ञापन देने की बात कही, जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आगामी त्योहार के मद्देनजर एहतियातन भोपाल से रेपिड एक्शन फोर्स, क्यूआरएफ, एसएएफ सहित पुलिस लाइन से रिजर्व पुलिस बल और थाना इछावर, बिलकिसगंज, मंडी, श्यामपुर, लाड़कुई सहित अन्य थाना प्रभारी व पुलिस बल भी कोतवाली पहुंच गया। एक साथ पुलिस बल शहर के मुख्यमार्गो पर पहुंचा तो लोगों में भय का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस बल ने चौक-चौराहों पर जमा लोगों को वहां से रवाना कर दिया। इधर करीब रात साढ़े दस बजे समुदाय विशेष के धर्म गुरू व कुछ लोग कोतवाली थाना पहुंचे। जहां वायरल वीडियो के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत संबंधित पर नामजद मामला दर्ज कराया और इसके बाद वह वापस लौट गए, वहीं पुलिस बल रात भर गश्ती करता रहा। इस मामले में सीहोर एसपी मयंक अवस्थी का कहना है कि समुदाय विशेष की आपत्ति व वायरल वीडियो के आधार पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने सहित अन्य धारा के तहत संबंधित पर मामला दर्ज किया है।

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना में खाद्यान्न वितरण में जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

रायसेन। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया के प्रयासों से रायसेन जिला मध्यान्ह भोजन के खाद्यान्न वितरण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ चुका है। जबकि नीमच जिला दूसरे स्थान पर और इंदौर जिला तीसरे स्थान पर रहा।

जानकारी के अनुसार रायसेन जिला पंचायत के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए प्राथमिक और माध्यमिक शालाऐं 2458 है। और इन स्कूलों में 1 लाख 19 हजार 332 छात्र छात्राओं की संख्या दर्ज है। और इन प्राथमिक शालाऐं और माध्यमिक शालाओं में अप्रेल माह में 1 लाख 61 हजार 76 क्विंटल अप्रेल 2023 में गैहूँ का वितरण कराया गया। 97 प्रतिशत् समूहों के आधार सत्यापन के उपरान्त आंनलाइन खाद्यान्न का वितरण किया गया। और मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य के सम्पन्न होने के उपरान्त शासन के द्वारा आंकलन करने के उपरान्त प्रदेश के 52 जिलों में माह अर्पेल 2023 के खाद्यान्न वितरण कार्य में रायसेन जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एक ही रात में तीन रिक्शा से बैटरी चोरी कर ले गए बदमाश

शाजापुर। अज्ञात बदमाशों ने तीन ऑटो रिक्शा को निशाना बनाते हुए उसमें रखी बैटरी चोरी कर ली। रिक्शा चालकों ने थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। थाना कोतवाली पहुंचे दायरा निवासी जहीर खान और मीरकला निवासी राधेश्याम ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार रात को उन्होने अपने घर के बाहर रिक्शा को खड़ा किया था, लेकिन बुधवार सुबह जब वह रिक्शा चलाने के लिए पहुंचे तो देखा कि बैटरी अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए हैं। जहीर खान ने बताया कि पूर्व में भी बैटरी चोरी होने की घटना हो चुकी है। इस बार बदमाश उसकी और उसके पुत्र की रिक्शा से बैटरी और 1 टायर चोरी कर ले गए हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उनके पड़ोस के मोहल्ले में कुछ असमाजिक प्रवृत्ति के लोग रहते हैं जो नशे के आदी हैं। संभवतः उक्त वारदात में उन लोगों की भूमिका हो सकती है। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

मार्ग पर कचरा फेंकने पर आक्रोशित हुए रहवासी

शाजापुर।

ट्रेचिंग ग्राउंड के समीप बीच मार्ग पर नगरपालिका कर्मचारियों के द्वारा कचरा फेंके जाने पर रहवासियों ने नाराजगी जाहिर की। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद मौके पर पहुंचे और कचरा साफ करवा कर रहवासियों को शांत कराया।

चौबदारवाड़ी लालबाई-फूलबाई माता मंदिर रोड निवासी रहवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र में ट्रेचिंग ग्राउंड है, जहां पर नगरपालिका कर्मचारियों के द्वारा कचरे के साथ ही मरे हुए मवेशी फेंके जा रहे हैं। साथ ही शहर से निकला कचरा भी बीच मार्ग पर ही डाला जा रहा है जिसकी वजह से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण कचरा यहां-वहां फेलकर भारी मुसीबत का सबब बना हुआ है। बावजूद इसके बुधवार को भी नगरपालिका के कर्मचारियों ने कचरा मार्ग पर फेंक दिया। लोगों के आक्रोशित होने की खबर मिलने पर वार्ड पार्षद मौके पर पहुंचे और कचरा रास्ते से हटवाया। रहवासियों ने बताया कि वह लंबे समय से ट्रेचिंग ग्राउंड को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

वार्ड में बन गए हैं कचरे के पहाड़: शहर से निकलने वाली गंदगी चौबदारवाड़ी के जिस क्षेत्र में फेंकी जा रही है वह मार्ग प्रसिद्ध लालबाई-फूलबाई माता मंदिर तक जाता है। ऐसे में प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मार्ग पर कचरे के पहाड़ बन चुके हैं जिन पर सूअरों, आवारा कुत्तों का जमावड़ा भी रहता है, ऐसे में मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई होती है। वहीं स्थानीय रहवासियों ने बताया कि सड़े हुए कचरे की बदबू हर दिन हलाकान करती है और रही सही कसर नपा के जिम्मेदार मरे हुए मवेशियों को फेंक कर पूरी कर देते हैं।

अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर की तोडफ़ोड़

शाजापुर। अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घूसकर जमकर उत्पाते मचाते हुए तोडफ़ोड़ कर दी। मंगलवार रात अज्ञात लोगों ने प्रकाश टिंबर मार्ट में घुसकर तोडफ़ोड़ करते हुए दुकानदार के साथ मारपीट की। दुकान संचालक सुमित गुप्ता ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी चार से पांच अज्ञात बदमाश दुकान में घुस गए और गाली-गलौज करते हुए तोडफ़ोड़ करने लगे। जब उन्हे तोडफ़ोड़ करने मना किया और वजह पूछी तो बदमाशों ने मारपीट की। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कोतवाली थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए थाना प्रभारी ने रोपे पौधे

सीहोर।

पौधरोपण को लेकर जिले में जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में लगातार प्रयास कर रहे हैं। मंच के तत्वाधान में बुधवार को शहर सहित आस-पास के स्थानों पर एक दर्जन से अधिक पौधरोपण किया।

बुधवार की सुबह जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर परिसर के अलावा शहर के सोया चौपाल स्थित श्री राधेश्याम विहार कालोनी में पौधों का रोपण किया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित मंडी थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने कहा कि

पेड़ है तो पर्यावरण है और पर्यावरण है तो हम हैं। आज हमें पेड़ों की रक्षा का वचन लेना चाहिए। आने वाले समय में हमारे जीवन में इनकी बहुत आवश्यकता है। पौधरोपण के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के रूप में विठलेश सेवा समिति की ओर से समीर शुक्ला आदि शामिल थे। बुधवार की सुबह शहर सहित आस-पास के तीन स्थानों पर जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में पौधा रोपण का आयोजन किया गया था। मंच की पहल का आयोजन भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के पौधा रोपण के आह्वान पर किया जा रहा। आगामी दिनों में मंच के द्वारा तीन सौ से अधिक पौधों का रोपण और वितरण भी किया जाएगा। इस मौके पर मंच की ओर से जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधे की कमी से आक्सीजन की कमी होती चली जाएगी जिससे जीना दूभर हो जाएगा।

ऐसे में पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा कर रहे हैं। अगर पेड़ पौधे कम हो जाएंगे तो पक्षियों का आश्रय स्थल कम होता चला जाएगा।

चोरल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित

पीथमपुर।

चोरल में कांग्रेस सम्मेलन मातृ शक्ति पूजन कलश यात्रा संपन्न हुई। इंदौर महू ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, पूर्व मंत्री हनी बघेल, पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव मृणाल पंत, कन्हैया लाल ठाकुर, रुकमणी निनामा, दिनेश पंचोली, वीरेंद्र गौड़, भूरी बाई, घनश्याम भंडारी, दिनेश सलवाडिया, जनपद सदस्य पंच सरपंच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

कृणाल पंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस की सरकार

पुनः आ रही है सभी को पट्टे दिए जाएंगे। हनी बघेल ने कहा कि अंतर सिंह जी दरबार सच्चे कांग्रेसी हैं तथा 1343 तेरा सौ तिर्यालिश करोड़ की मां नर्मदा महेश्वर जानापाव उद्गम योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिसकी घोषणा अंतर सिंह दरबार ने करवाई थी। कांग्रेस सरकार बनते ही अंतर सिंह दरबार के प्रयासों से पुनः योजना चालू करवाएंगे, खेतों तक अभी तक पानी नहीं पहुंचा है , खेत को पानी पहुंचाएंगे।

बाला बच्चन ने कहा कि कांग्रेस 150 से ज्यादा सीटों से जीत रही है। महू में कांग्रेश की जीत होना चाहिए। गैस सिलेंडर 500 में महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रति माह 100 यूनिट तक बिजली माफ होगी। 101 से 300 यूनिट तक बिजली आज आधे दाम पर दी जावेगी। किसानों को 5 पांच हॉर्स पावर बिजली मुफ्त दी जावेगी24 घंटे बिजली दी जावेगी।

किसानों के खाद बीज उपकरणों पर जीएसटी समाप्त किया जाएगा किसानों के ऋण माफ होंगे पुनः पुरानी पेंशन लागू की जावेगी आशा उषा कार्यकर्ताओं को नियमित किया जावेगा आदिवासियों को पट्टे दिए जाएंगे पहले की तरह ही महू के गरीब रहवासियों को पट्टे के लिए इंदौर भोपाल तक दौड़ नहीं लगाना पड़ेगी सभी बहनों को पंद्रह 100 की पेंशन दी जावेगी उम्र का बंधन नहीं होगा परिवार में जितनी भी महिलाएं होंगी सबको पेंशन दी जावेगी।